भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

12.08.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 4000 का उत्तर

राधिकापुर-आनंद विहार एक्सप्रेस का परिवर्तित मार्ग

4000. श्री कार्तिक चन्द्र पॉल:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को उत्तर दिनाजपुर ज़िले के निवासियों में अब पटना, मुगल सराय (पंडित दीन दयाल उपाध्याय), इलाहाबाद (प्रयागराज) और कानपुर जैसे मुख्य ठहरावों से होकर न जाने वाले राधिकापुर-आनंद विहार एक्सप्रेस के परिवर्तित मार्ग को लेकर व्याप्त व्यापक असंतोष के बारे में जानकारी है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) राधिकापुर-आनंद विहार एक्सप्रेस का मार्ग परिवर्तित किए जाने के कारणों का ब्यौरा क्या है, जिसके कारण यात्रा का समय 25 घंटे से बढ़कर 32 घंटे हो गया है;

(ग) क्या सरकार का स्थानीय निवासियों की माँगों को पूरा करने के लिए राधिकापुर-आनंद विहार सीमांचल एक्सप्रेस के पुराने मार्ग को पुन: शुरू करने या मूल ठहरावों को बहाल करने का विचार है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) नए मार्ग द्वारा दिल्ली में शिक्षा, व्यापार, स्वास्थ्य सेवा और काम के अवसरों के लिए इस रेलगाड़ी पर निर्भर निवासियों की आवश्यकताओं को पर्याप्त रूप से पूरा किया जाना सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ) राधिकापुर और आनंद विहार (टी) के बीच संपर्कता सेवा अर्थात् 22487/22488 राधिकापुर-आनंद विहार (टी) सीमांचल लिंक एक्सप्रेस कटिहार में 12487/12488 जोगबनी-आनंद विहार (टी) सीमांचल एक्सप्रेस के साथ जुड़कर/अलग होकर परिचालित की जाती थी।

भारतीय रेल में संरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाती है। इसके आलोक में और यात्रियों की संरक्षा के हित में, भारतीय रेल ने स्लिप सवारी डिब्बों/लिंक गाड़ियों को बंद करने का निर्णय लिया है क्योंकि इसकी यात्रियों के साथ शंटिंग करना होता था।

तदनुसार, राधिकापुर और आनंद विहार (टी) के बीच परिचालित की जाने वाली उक्त लिंक गाड़ी अर्थात 22487/22488 राधिकापुर- आनंद विहार (टी) सीमांचल लिंक एक्सप्रेस को बंद कर दिया गया है।

राधिकापुर और दिल्ली के बीच सीधी रेल सेवा उपलब्ध कराने के लिए नई रेलगाड़ी 14011/14012 राधिकापुर - आनंद विहार (टी) एक्सप्रेस (वाया कटिहार- बरौनी-गोरखपुर) 06.10.2024 से शुरू कर दी गई है।

12487/12488 जोगबनी-आनंद विहार(टी) सीमांचल एक्सप्रेस, कटिहार-बरौनी-पाटलिपुत्र-प्रयागराज-कानपुर के रास्ते अपने मूल मार्ग पर अनवरत चल रही है और राधिकापुर- कटिहार खंड के यात्री कटिहार से भी इस सेवा का लाभ उठा सकते हैं। वर्तमान में, राधिकापुर-कटिहार रेल खंड निम्नलिखित 4 जोड़ी गाड़ियों द्वारा सेवित है:

क्र.सं.	गाड़ी सं. व नाम
1	14011/14012 राधिकापुर-आनंद विहार (टी) एक्सप्रेस
2	55707/55708 राधिकापुर-कटिहार पैसेंजर
3	55727/55728 कटिहार-राधिकापुर पैसेंजर
4	55729/55730 कटिहार-राधिकापुर डेमू

इसके अलावा, वर्तमान में, राधिकापुर 10 जोड़ी गाड़ियों द्वारा सेवित है। ये निम्नानुसार सूचीबद्ध हैं:

क्र.सं.	गाड़ी सं. व नाम
1	13053/13054 हावड़ा-राधिकापुर एक्सप्रेस
2	14011/14012 राधिकापुर-आनंद विहार (टी)
3	13145/13146 कोलकाता-राधिकापुर एक्सप्रेस
4	16223/16224 सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल बैंगलुरु-राधिकापुर एक्सप्रेस
5	55707/55708 राधिकापुर-कटिहार पैसेंजर
6	75707/75708 राधिकापुर-सिलीगुड़ी डेमू

7	75751/75752 तेलता-राधिकापुर डेमू
8	55729/55730 कटिहार-राधिकापुर डेमू
9	55727/55728 कटिहार- राधिकापुर पैसेंजर
10	75705/75706 राधिकापुर- सिलीगड़ी पैसेंजर

इसके अलावा, नई रेलगाड़ी सेवाओं की शुरुआत करना और युक्तिकरण करना एक सतत प्रक्रिया है, जो निम्नलिखित विभिन्न कारकों पर निर्भर करती है:

- रेलखंड की क्षमता
- मार्ग की उपलब्धता
- अपेक्षित चल स्टॉक की उपलब्धता
- चल स्टॉक के अनुरूप अवसंरचना की उपलब्धता
- रेलपथों और अन्य परिसंपत्तियों की अनुरक्षण आवश्यकता
- रेलखंड की अधिभोगिता एवं यातायात आवश्यकता

******